कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 02.11.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

अन्तरमहाविद्यालयीन महिला वॉलीबॉल में गर्ल्स कॉलेज विजेता

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय इंदिरा गाँधी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय वैशालीनगर में आयोजित दो दिवसीय सेक्टर स्तरीय अन्तरमहाविद्यालयीन महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय दुर्ग ने फाईनल मैच जीत कर पुनः विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

इस प्रतियोगिता में कुल 9 टीमो ने हिस्सा लिया प्रतियोगिता नॉकआउट पद्धति से खेली गई। अपने पहले मैच में शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर महाविद्यालय ने कल्याण महाविद्यालय को 2–0 से परास्त किया, सेमीफाइनल में सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय को सीधे सेट में 2–0 से परास्त किया।

फाइनल में शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर महाविद्यालय का मुकाबला स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय हुडको से हुआ जिसमें कन्या महाविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुये स्वरूपानंद महाविद्यालय को 2–0 से पराजित कर दिया। जिसका सेट स्कोर 25–09, 25–11 रहा।

कन्या महाविद्यालय की टीम में कु. सुषमा शिखा कप्तान, दिव्या साहू, प्रिया शिखा, कामनी नेताम, टोमेश्वरी जंघेल, भरती सोना, रितिका ठाकुर, सपना कुमारी, निशा नायक, प्रियंका साव, सोनी साव, टीम मैनेजर डॉ. ऋतु दुबे, प्रशिक्षक रीना तिवारी थी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुशील चंद्र तिवारी एवम महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उन को शुभकामनाएं दी ।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)